







# रामकृष्ण मिशन पीड़ित मानवता की सेवा और आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 दिसम्बर, गोड़हर रामकृष्ण मिशन का वार्षिक सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हुआ. जहा सुबह त्रिदेव पूजन के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया और वेद पाठ रामकृष्ण मठ सन्यासियों द्वारा किया गया.**



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रामकृष्ण मिशन के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि रामकृष्ण मिशन पीड़ित मानवता की सेवा और आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है. यहां आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने पर दिव्य आनंद और आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है. मानव का मन जब शांत होता है तभी वह मानव कल्याण कर सकता है. रामकृष्ण मिशन का मानव सेवा का गौरवशाली इतिहास है. स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका में शिकागों में आयोजित धर्म सम्मेलन में भारतीय ज्ञान और दर्शन का ध्वज लहराया. उन्होंने भारतीय ज्ञान और दर्शन की पूरी दुनिया पर छाप छोड़ी. स्वामी विवेकानंद द्वारा बनाया गया रामकृष्ण मिशन पीड़ितों की सेवा और आध्यामिक ज्ञान के लिए लगातार कार्य कर रहा है. भारत की आध्यात्मिक चेतना का दुनिया में विशिष्ट स्थान है. वर्तमान समय में हिंसा और युद्ध के समाधान के लिए पूरी दुनिया भारत से आस लगाये है. भारत तेजी से विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है. देश के विकास में हम सब अपना योगदान दें. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रामकृष्ण मिशन द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर हजारों रोगियों का उपचार किया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आमजनता की स्वास्थ्य रक्षा के लिए निरोगी काया अभियान शुरू किया है. इस अभियान ने आमजनता को स्वास्थ्य जांच का अधिकार और सुविधा दी है. रामकृष्ण मिशन सदैव नि:स्वार्थ सेवा करता है. हमें सिर्फ अपने लिए ही नहीं अपनों के लिए भी जीवन जीना है. असली सुख पीड़ितों की सेवा करने में ही है. कार्यक्रम में स्वामी अक्षयआनंद महाराज ने कहा कि भारतीय आध्यात्मिक जीवन का एक मात्र लक्ष्य जीव सेवा ही ईश्वर सेवा है. हमें प्रत्येक मानव के अंदर ईश्वर को देखना चाहिए.

## वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया

समारोह में रामकृष्ण मठ रीवा के स्वामी नित्यप्रज्ञानंद महाराज, स्वामी कृष्णमृतानंद महाराज ने भी आध्यात्मिक ज्ञान से कार्यक्रम को आलोकित किया. समारोह में संस्थान के मैनेजिंग टेधस्ट रघुवेन्द्रमणि त्रिपाठी तथा डॉ. राजेन्द्रमणि त्रिपाठी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, प्रो. पी.के. सरकार, डॉ. पीके लखटकिया, डॉ. एन.पी. पाठक तथा बड़ी संख्या में संस्थान से जुड़े लोग उपस्थित रहे.

# दिन भर चलती रही सर्द हवाएं और आसमान में छाये बादल

## न्यूनतम तापमान पहुंचा 6 .8 डिग्री, पश्चिमी विछोभ के चलते आसमान में बादल, शाम ढ़लते ही सड़कों पर सन्नाटा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 दिसम्बर, शनिवार को जहा न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री पहुंच गया था वही रविवार को कुछ राहत मिली. लगातार चल रही ठंड हवाओ ने पिछले तीन दिन से गलन भरी ठंड बढ़ा दी है. पश्चिमी विछोभ के चलते आसमान में बादलो ने ढ़ेरा जमा लिया है.**



अन्य दिनो के अपेक्षा रविवार को तापमान में उछाल देखने को मिला. उत्तर भारत से आ रही ठंड हवाओ के चलते पिछले तीन दिन से कड़ाके की ठंड पड़ रही है लेकिन 24 घंटे के अंदर एक बार फिर तापमान में बदलाव देखने को मिला है. रात का न्यूनतम तापमान बढ़ कर 6.8 डिग्री पहुंच गया तो वही दिन का अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री दर्ज किया गया. पश्चिमी विछोभ के सक्रिय होने पर आसमान में बादल छाये है. दिन भर ठंड हवाएं चलती रही, ठंड का असर कुछ कम रहा. शुक्रवार और शनिवार को तापमान ज्यादा था और हाड़ कपाने वाली ठंड थी पर 24 घंटे के अंदर मौसम में बदलाव देखने को मिला. सुबह अच्छी खासी धूप थी लेकिन दोपहर अचानक बादल छा गये. जिससे कुछ हद तक ठंड से राहत मिली है लेकिन दिन में ठंड बनी रही और शाम ढ़लते ही धुंध छाने लगा. मौसम विभाग की माने तो बादलो के हटने के बाद एक बार फिर से ठंड का असर शुरू होगा. इस समय ठंड के साथ सुबह हल्का कोहरा छाया रहता है लेकिन 7 बजे से ही धूप निकल आती है.

बादलो के हटने के बाद कोहरा और ठंड दोनो तेज होगी. शनिवार को रीवा प्रदेश का सबसे सर्द पांचवां जिला था. 5.4 डिग्री तापमान पहुंच गया था. ठंड को देखने हेतु नगर निगम ने शहर के अंदर अलाव की व्यवस्था की है. दूसरी तरफ हाट और ब्रेन स्ट्रोक के मरीज ज्यादा पहुंच रहे है. इसके अलावा बुखार एवं ठंड लगने से पीड़ित मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे है. ठंड से बचने एवं सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है खासकर बच्चे और वृद्धजनो को.

## सामान्य से 2 डिग्री कम है तापमान

दिन के अधिकतम तापमान में भी गिरावट पिछले कई दिनो से है. सामान्य स्थित में दिन का अधिकतम तापमान 27 डिग्री होना चाहिये. लेकिन 25 डिग्री दिन का अधिकतम तापमान है. हालाकि धूप खिली रही, दोपहर बादल आ गए. सर्द हवाएं लगातार चल रही है जिसके कारण ठंड और बढ़ गई है. हालत यह है कि रात 9 बजे से ही सड़को पर सन्नाटा छा जाता है और बाजार बंद हो जाती है. अभी अच्छा है कि सुबह घना कोहरा नही पड़ रहा है और धूप लिख जाती है. कोहरा शुरु होने के साथ जन जीवन प्रभावित होगा. साथ ही आवागमन भी बाधित होने लगेगा.

# ठंड के सीजन में बढ़े ब्रेन स्ट्रोक के मामले

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 दिसम्बर, ठंड का समय आते ही ब्रेन स्ट्रोक के मामले 30 से 40 प्रतिशत बढ़े हैं.**

ब्रेन स्ट्रोक सबसे ज्यादा बूढ़ों को अपने चपेट में ले रहा है जो बीपी रोगी है और गोली खाने में लापरवाही करते हैं. उन्हें नियमित रूप से चिकित्सकीय परामर्श अनुसार गोली खानी चाहिए. वहीं ठंड के मौसम में शरीर को दिन और रात शरीर को गर्म रखने की जरूरत है. वहीं 7-8 घंटे की भरपूर नींद लेनी आवश्यक है, इससे ज्यादा नहीं वहीं अगर संभव हो तो रात में रूम हीटर का भी उपयोग कर सकते हैं. रात में हल्का भोजन कर शरीर को गर्म रखने का हर संभव प्रयास करें अन्यथा सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी. अर्थात थोड़ी सी लापरवाही आपको ब्रेन स्ट्रोक (हेमरेज) अपनी चपेट में ले सकता है. खास तौर 80 की उम्र पार कर चुके लोगों को विशेष सावधानी की आवश्यकता है.

संजय गांधी अस्पताल में संचालित न्यूरोलॉजी विभाग के न्यूरोसर्जन डॉक्टर दिनेश पटेल की मानें पहले ओपीडी में एक - दो ही ब्रेन हेमरेज के रोगी अस्पताल पहुंच रहे थे लेकिन अब बढ़े है.

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 दिसम्बर, हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहा ढ़ाई हजार का इनामी आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया.**

सिविल लाइन पुलिस ने 14 अगस्त को मारपीट के मामले में विभिन्न धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था. फरियादी रामप्रसाद यादव निवासी अमिलकी ने शिकायत की थी कि उसके साथ मारपीट की गई है. पूर्व में आरोपी लकी साकेत, मोनू कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अन्य फरार चल रहे थे. पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी ओमकार रजक निवासी दीनदयाल धाम कालोनी पड़रा घूम रहा है. सूचना मिलने पर पुलिस ने धरदबोचा. जिसे न्यायालय में पेश किया गया.

## संक्षिप्त

### मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण संबंधी बैठक आज

**रीवा.** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में 8 दिसंबर को दोपहर बाद 3 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है. बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी देगी. उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### बोदाबाग में आज लगेगा नि :शुल्क शिविर

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 18 दिसम्बर तक नि :शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोदाबाग में 8 दिसम्बर को शिविर लगाया जाएगा. शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे. कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं.

### कलेक्टर आज करेगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 8 दिसंबर को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेगी. बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. बैठक में धान उर्पाजन, खाद वितरण, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की भी समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं.

### नहीं रहे कर्मचारी नेता केशव मिश्रा मोराई



**रीवा.** हमेशा कर्मचारियों के हक की लड़ाई लड़ने वाले कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष केशव प्रसाद मिश्रा मोराई का बीते दिनों 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. स्व. मिश्र लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे. उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम अनंतपुर मोराई में किया गया. जिसमें शुभचिंतकों,ग्रामीणों एवं परिवारजनों ने अंतिम विदाई दी. केशव मिश्रा अपने कुशल व्यवहार एवं नेतृत्व क्षमता के चलते सबके प्रिय थे. स्व. मिश्र के निधन पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने शोक संवेदना व्यक्त की है, वहीं कर्मचारियों ने भी इस दुख की घड़ी में परिवार को शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है. स्व. मिश्र अपने पीछे पुत्र उदय मिश्रा,संजय मिश्रा,उपेंद्र मिश्रा सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो गए.

### विधायक हुमायू के बयान की निंदा करता हूं : अवस्थी



**रीवा.** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में विधायक हुमायूँ कबीर द्वारा 'बाबरी जैसी मस्जिद बनाने' और 6 दिसंबर को उसका शिलान्यास करने की घोषणा को लेकर रीवा में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं. रीवा के समाजसेवी डा. पन्नालाल अवस्थी ने इस कदम की तीखी आलोचना करते हुए इसे देश के सामाजिक सौहार्द के लिए खतरनाक बताया है. अवस्थी ने कहा कि ऐसे वक्तव्य और निर्णय समाज के बीच अनावश्यक तनाव व धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देते हैं. उनका कहना है कि ऐसे कदम देश के सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते हैं. धार्मिक मुद्दों को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और इससे जनता के असली मुद्दे दब जाते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि पहले से संवेदनशील ऐतिहासिक विवादों को दोबारा उछालना किसी भी रूप में उचित नहीं है, क्योंकि इससे समाज में विभाजन गहराता है और शांति बनाए रखने के प्रयास प्रभावित होते हैं. अवस्थी ने राज्य और देश के विकास एजेंडे पर भी चिंता जताते हुए कहा 'जब देश को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, तब ऐसे विवादित कदम जनहित के विरुद्ध प्रतीत होते हैं. समाजसेवी ने चेतावनी दी कि धर्म आधारित निर्णय और घोषणाएँ पूरे देश में तनाव बढ़ा सकती हैं, जो किसी जिम्मेदार नेतृत्व का तरीका नहीं है. उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक ढांचे के निर्माण से जुड़े मुद्दे अत्यंत संवेदनशील होते हैं, इसलिए निर्णय संविधान, कानून और सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता देते हुए ही होने चाहिए. अवस्थी ने इसे राजनीतिक लाभ के लिए किया गया कदम बताते हुए कहा कि इस तरह की राजनीति देश के माहौल को बिगाड़ती है और समाज को बांटने का काम करती है.



घोड़ा चौराहे से किला तरफ जाने वाले मार्ग सड़क पर खड़े आटो एवं ठेला

# नव प्रशिक्षु आरक्षकों ने लगाई बच्चों की पाठशाला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 दिसम्बर, पीटीएस के नव प्रशिक्षु आरक्षको ने बच्चो की पाठशाला लगाकर उन्हे रोचक तरीके से हिंदी और अंग्रेजी का ज्ञान कराया.**



पुलिस अधीक्षक पीटीएस सुरेंद्र कुमार जैन के कुशल नेतृत्व में इकाई में संचालित 93 वें नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 में सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने एवं जन जन को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के क्रम में इकाई के प्रशिक्षुओं के द्वारा उठाए गए जन जागरूकता अभियान तहत उप पु0अधी सत्यप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में नव प्रशिक्षु आकाश वर्मा भोपाल, हरिओम वर्मा सागर, मोहम्मद आसिफ सागर के द्वारा लल्पा बस्ती क्षेत्र में बच्चों के बीच जाकर उन्हें नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कैंप आयोजित किया गया. जिसमें बच्चों को सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान के साथ आधार भूत पठन पाठन की शुरूआत की गई. नन्हे बच्चों को बड़े ही रोचक ढंग से हिंदी व अंग्रेजी वर्णमाला का ज्ञान, माध्यमिक स्तर के बच्चों से विज्ञान व गणित विषय पर चर्चा, सवाल /जवाब किए गए. बच्चों को किस प्रकार अपना परिचय देना है एवं कैसे अपने आत्मविश्वास को बढ़ाना है यह भी बताया गया भविष्य में उन्हें 'स्वयं को देश हित में बढ़-चढ़ कर योगदान कर सकने के लिए योग्य बनना होगा.

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 दिसम्बर, जिले भर में 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आयोजित समारोह में देश की रक्षा के लिए अपने प्रेणा का बलिदान करने वाले शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी.**



भूतपूर्व सैनिकों तथा सैनिक विधवाओं के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का प्राकृतिक चिन्ह देकर सहयोग राशि प्राप्त की गयी. इस संबंध में जिला कल्याण सैनिक अधिकारी सेवानिवृत्त ले. कर्नल पी. गंगा ने बताया कि झण्डा दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों को झण्डे का वितरण किया जा रहा है. इसके वितरण से प्राप्त सहयोग राशि पूर्व सैनिकों के कल्याण में खर्च की जाती है. सैनिकों के कल्याण के लिए कोई भी व्यक्ति चेक अथवा ड्राफ्ट के माध्यम से सहयोग राशि दे सकता है. सैनिक कल्याण के लिए दी गयी पूरी राशि सौ प्रतिशत आयकर से मुक्त रहती है. रीवा जिले को इस वर्ष 9 लाख 77 हजार 700 रूपये सहयोग राशि एकत्रित करने का लक्ष्य दिया गया है.

# छात्रों को कौशल विकास का दिया गया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 दिसम्बर, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आज बी. एस. डब्लू तथा एम.एस.डब्ल्यू. के समस्त विद्यार्थियों को राज्य कार्यालय से आए विशेषज्ञ कंसलटेंट भूषण तिवारी द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया.**

तकनीकी सत्र में छात्रों को सामुदायिक नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व, फील्ड वर्क की गुणवत्ता, कौशल विकास तथा कार्यक्रम की आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया गया. कार्यक्रम के दौरान संभाग से संबंधित जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक ने छात्रों को आगामी समय मे जल संचय अभियान से जुड़कर जल संरक्षण का कार्य करने का आह्वान किया गया. जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा गया कि, इस पाठ्यक्रम के माध्यम से सभी पंजीकृत युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होगा.

# परिवहन विभाग ने बिना परमिट बस सहित 19 वाहनों का किया चालान

## जिले में चल रहा जीरो फैटीलिटी अभियान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 दिसम्बर, रीवा परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा और जीरो फैटीलिटी अभियान के तहत लगातार तीसरे दिन कड़ी कार्यवाई की है. आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड और चेक पॉइंट रीवा-1और चेक पॉइंट रीवा -2 ने अलग-अलग मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें बिना परमिट चल रही एक बस सहित कुल 19 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई.**

यह कार्रवाई मुख्य रूप से रीवा-मनगवा, हनुमना, रीवा-चाकघाट तथा सिरमौर-सेमरिया मार्ग पर की गई. परिवहन विभाग ने बिना सीट बेल्ट,ओवरलोडिंग, बिना फिटनेस, बिना परमिट, बिना बीमा, हेलमेट, ओवर स्पीडिंग बिना प्रदूषण प्रमाण-पत्र और अन्य अनियमितताओं के विरुद्ध सख्ती बरती. सबसे बड़ी कार्रवाई बिना वैध परमिट के संचालित हो रही एक निजी बस के खिलाफ हुई, जिसको जप्त कर सिरमौर थाना मे सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया. परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जीरो फर्टिलिटी अभियान के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं को शून्य करने के उद्देश्य से यह लगातार चेकिंग जारी है. विभाग का जोर खासकर उन वाहनों पर है जो तकनीकी खामियों या दस्तावेजों के अभाव में सड़क पर जोखिम पैदा कर रहे हैं.

परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों और मालिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी जरूरी दस्तावेज और सडक सुरक्षा के मापदंड के अनुसार हीं वाहन चलाए साथ हीं वाहनों का फिटनेस पूर्ण रखें, ताकि उन्हें चालान का सामना न करना पड़े और सड़कें सुरक्षित रहें, दुर्घटनाओ मे रोक लग सके. जिले में नियमों को ताक में रखकर वाहन दौड़ रहे है. सुरक्षा मापदण्डो का भी पालन बस संचालको द्वारा नही किया जा रहा है.

# धान की तौलाई के लिये अनावश्यक इंतजार न करे किसान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 दिसम्बर, जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है. जहा कई तरह की कमिया देखने को मिल रही है और उनका सुधार भी नही हो रहा है. कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने अमिलकी में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया.**



इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली. कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों से निर्धारित सामान्य औसत किस्म का धान ही खरीदें. किसानों को धान की तुलाई के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े. किसानों से किसी भी स्थिति में अतिरिक्त राशि न लें. प्रत्येक बोरी में तौल के बाद टैग और एक्सटेंसिल अनिवार्य रूप से लगाकर उसमें किसानों के पंजीयन क्रमांक को दर्ज करें. किसानों को निर्धारित समय सीमा में उपार्जित धान का भुगतान कराएं.

निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर डॉ अनुराग तिवारी, जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश तांडेकर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. कमिश्नर ने उचित मूल्य दुकान सिलपरा का भी निरीक्षण किया.

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक आज

रीवा, 7 दिसम्बर, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन के जिला शाखा रीवा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया है कि पेंशनर्स की बैठक 8 दिसम्बर को 1 बजे दोपहर से संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में आयोजित की गई है. बैठक में 17 दिसम्बर 2025 को पेंशनर्स दिवस मनाने के बारे में तैयारी की जानी है. सभी सदस्य समय पर पहुंचे.

# मानस मंडल के पुन : अध्यक्ष निर्वाचित हुए सुभाष पाण्डेय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 दिसम्बर, मानस मंडल का निर्वाचन शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित सह सचिव और प्रचार सचिव पद के लिये निर्वाचन कराया गया.**



एक बार फिर अध्यक्ष पद पर सुभाषबाबू पाण्डेय निर्वाचित हुए. लगातार दूसरी बार श्री पाण्डेय अध्यक्ष बने. 288 मतदाताओं में से 250 मतदाताओं ने मतदान किया. अध्यक्ष पद के लिये तीन लोग थे जिसमें 28 मतो से सुभाष बाबू पाण्डेय अध्यक्ष निर्वाचित हुए. वही संदीप सिंह बघेल और अशोक तिवारी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए. जबकि सचिव पद के लिये संतोष अवधिया चुने गये. इसी तरह सह सचिव पद में रामसुशील गुप्ता एवं प्रचार सचिव के पद पर शिव शंकर प्रसाद दीक्षित निर्वाचित हुए है. मानस मंडल सदस्यों ने विभिन्न पदो के लिये मतदान किया.